प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

....

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने से कृषि की लागत में औसतन 36 फीसदी की कमी आई है और उत्पादों के औसतन 8 फीसदी अधिक दाम मिले हैं।

.....

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ड्रग माफिया पर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। ऊना से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ड्रग माफिया पर नकेल कसने के लिए कानून को सख्त बनाया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि ड्रग माफिया को रोकने के लिए विधानसभा में कानून पारित कर केन्द्र सरकार को सख्त धाराओं के लिए भेजा गया है। हिमाचल को ड्रग मुक्त करने के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने ड्रग माफिया पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है लेकिन इसमें समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है।

....

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की हैंडबॉल टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वीं नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर में कल खिलाड़ियों से मुलाकात कर अनुराग ठाकुर ने कहा कि हैंडबॉल के क्षेत्र में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए इंटीग्रेटेड एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई है जिसके अन्तर्गत कबड्डी और कुश्ती के 40 खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग, बोर्डिंग, व अन्य सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस बीच अनुराग ठाकुर ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की संसद में पेश रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार वक्फ की जमीनों का लोगों को दुरूपयोग नही करने देगी और इसके सदुपयोग के लिए काम किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता नही चाह रहा है।

....

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने रजनी पाटिल को एक बार फिर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी का दायित्व सौंपा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजीव शुक्ला को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रजनी पाटिल को प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि उनकी नेतृत्व क्षमता व समर्पण से प्रदेश में संगठन को नई दिशा मिलेगी।

....

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में विभिन्न सड़क योजनाओं को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जायेगा ताकि राज्य में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा सके। कल शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से विभाग की विभिन्न योजनाओं की मंजूरी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं जिनमें से अधिकतर प्रोजेक्ट जल्द मंजूर होने की संभावना है।

....

प्रदेश में आज मौसम ने करवट बदली है और अधिकतर क्षेत्रों में घने बादल छाए है वहीं लाहौल घाटी में सुबह से हल्की बर्फवारी शुरू हो गयी हैं । लाहौल में रात के समय माईनस 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक तापमान दर्ज किया गया है । मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश की ऊँची चोटियों पर हल्की बर्फ़बारी की सम्भावना बनी है हालांकी विभाग ने कल से मौसम के फिर साफ़ बने रहने का पूर्वानुमान लगाया ळें